एगोन 4.0 आइआइएम रांची के एनुअल मैनेजमेंट फेस्टिवल का आगाज

अनुशासन, टीम वर्क, संस्थान के प्रति समर्पण बेहद जरूरी

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

देश के बेहतरीन बिजनेस स्कूलों के 1500 से अधिक भावी मैनेजर रांची पहुंचे

आइआइएम रांची के दो दिवसीय एनुअल मैनेजमेंट फेस्ट एगोन 4.0 का आगाज शनिवार को हुआ. इसकी शुरुआत विभिन्न मैनेजमेंट बेस्ड इवेंट के साथ हुई. एगोन 4.0 का आयोजन सूचना भवन स्थित कैंपस में हो रहा है. इसमें देश के बेहतरीन बिजनेस स्कूल्स के 1500 से अधिक भावी मैनेजर हिस्सा ले रहे हैं. अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं. इवेंट की शुरुआत करते हुए आइआइएम रांची के प्रोफेसर केएन सिंह ने कहा कि यह ऐसा आयोजन है, जिसे हर विद्यार्थी को अवसर की तरह लेना चाहिए. यहां आप भावी बिजनेस की दुनिया का वास्तविक अनुभव ले सकते हैं. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आप जैसे भावी मैनेजमेंट व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, टीम वर्क व संस्थान के प्रति समर्पण होना जरूरी है. इसके साथ-साथ हमें गलतियों से सीखना चाहिए. गलतियां हमें व्यावहारिक बनाती हैं. जब आप प्रोफेशनल रूप में बिजनेस की दुनिया में प्रवेश करेंगे, तो यहीं गलतियां आपको पहचान बनाने में मदद करेंगी.

आइआइएम रांची में आयोजित मैनेजमेंट फेस्ट एगोन 4.0 में शामिल देशभर के स्टूडेंट्स.

दिखायी ब्रांडिंग एबिलिटी मिला रिक्रूटमेंट नॉलेज

पहले दिन कई प्रतियोगिताएं हुईं, जो भावी मैनेजरों के करियर में मदद करने वाली थीं. ये प्रतियोगिताएं आइआइएम रांची द्वारा निर्धारित विभिन्न जगहों पर हुए. इवेंट्स की शुरुआत क्रिकेट मंडी इवेंट से हुई. यह प्रतियोगिता ठीक उसी तरह थी, जैसे आइपीएल में टीम के लिए खिलाड़ियों की बोली लगती है. यहां विभिन्न ब्रांच के मैनेजरों की बोली लगी. इसके साथ संस्थान के फिनांस क्लब द्वारा आयोजित प्लूटस इवेंट में प्रतिभागियों को एक कंपनी के बारे में जानकारी दी गयी. प्रतिभागियों को उस कंपनी का आकलन कर यह बताना था कि यह कितना ग्रो करेगी. इस कंपनी का फ्यूचर कैसा होगा. इसके अलावा मार्केटिंग क्लब मारकस द्वारा आयोजित किये गये सब बिकता है इवेंट में प्रतिभागियों को एक प्रोडक्ट दिया गया, जिसमें उन्होंने ऑन द स्पॉट एडवर्टाइजमेंट बनाकर दिखाया. वहीं क्रेक द केस इवेंट में कंपनी की समस्या का समाधान बताना था.

एक्टिविटी में स्टूडेंट्स को सीएसआर की मिली जानकारी

मैनेजमेंट फेस्टिवल एगोन 4.0 के पहले दिन सीएसआर बेस्ड कई इवेंट्स हुए. ये इवेंट परिवृद्धि, समाधान, सिनेमा परडिस्को नाम से आयोजित किये गये. सभी इवेंट्स से सीएसआर एक्टिविटी की जानकारी मिली. संस्थान के लिटरेरी क्लब ने डिबेट, क्विज व राइटिंग इवेंट्स का आयोजन किया. इन सभी प्रतियोगिताओं के लिए विषय निर्धारित किये गये थे. साथ ही ऑनलाइन पजल्स गेम्स भी हुआ. पहले दिन की प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. निर्णायक मंडली में गोल्डमेन, टाटा ग्रुप व झारखंड इनोवेशन लैब के प्रतिनिधि शामिल थे.

ये संस्थान ले रहे हिस्सा

- आइआइएम रांची
- आइआइएम अहमदाबाद
- आइआइएम बेंगलुरु
- आइआइएम खड़गपुर
- आइआइएम कोलकाता
- आइएसबी
- एफएमएस
- एक्सएलआरआइ
- एक्सआइएमबी
- एनएमआइएमएस
- आइआइएम इंदौर
- आइआइएम लखनऊ
- आइआइटी मद्रास सहित अन्य

Prabhat Khabar, 30.09.2018, Pg. 19